# कार्यालय जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

## सामान्य सभा की बैठक दिनांक 27.10.2017

## बैठक कार्यवाही विवरण

दिनांक **27.10.2017** को पूर्वान्ह 11.30 बजे से जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक श्रीमती सुभद्रा सलाम, माननीय अध्यक्ष, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गयी । बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी / अधिकारीगण उपस्थित रहे :-

**पदाधिकारीगण :-**

1 श्रीमती सुभद्रा सलाम, माननीय अध्यक्ष, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
2 श्रीमती कृष्णा देवी सिन्हा, माननीय उपाध्यक्ष, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
3 श्रीमती धीरज नेताम, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
4 श्री हीरा मरकाम, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
5 श्री बिरेश ठाकुर, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
6 श्री संजय जुर्री, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
7 सुश्री शांता नुरूटी, माननीय माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
8 श्रीमती ललेश्वरी मोहन टॉडिया, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर ।
09 श्रीमती अमिता जीवन उइके, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर ।

**अधिकारीगण :-**

1. सुश्री, ऋचा प्रकाश चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, उत्तर बस्तर कांकेर।
2 श्री डी.के. कुर्रे, अति.मु.का.अ., जिला पंचायत / उप संचालक, पंचायत, उत्तर बस्तर कांकेर।
3 श्री यू.एस. साहू, उप संचालक, समाज कल्याण, उत्तर बस्तर कांकेर।
4 श्री टी.एल. सहारे, कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल, उत्तर बस्तर कांकेर।
5 श्री पी.एन.राव, कार्यपालन अभियंता, सीएसपीडीसीएल, भानुप्रतापपुर।
6 श्री एस.के. गुप्ता, कार्यपालन अभियंता, पीएमजीएसवाय, भानुप्रतापपुर।
7 श्री ए.के. नाथ, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, उत्तर बस्तर कांकेर।
8 श्री सी.एस. बिंजवार, सहायक प्रबंधक, उद्योग, उत्तर बस्तर कांकेर।
9 श्री के.पी. श्रीवास्तव, सहायक संचालक, ग्रामोद्योग, उत्तर बस्तर कांकेर।
10 श्री पी. सिंह, अनुविभागीय अधिकारी, पूर्व भानुप्रतापपुर, उत्तर बस्तर कांकेर।
11 श्री पी.एस. सुधाकर, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उत्तर बस्तर कांकेर।
12 श्री डी.राम, कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. (भ/स), उत्तर बस्तर कांकेर।
13 श्री आर.के. गौड़, कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. (भ/स) भानुप्रतापपुर।
14 श्री एच.आर. राणा, डीपीओ, उत्तर बस्तर कांकेर।
15 श्री ए.के. साय पैंकरा, जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर।
16 श्री जी.डी. प्रसाद, जिला श्रम अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर।
17 श्री आर.एम. शेख, अनुविभागीय अधिकारी, सेतु निगम, उत्तर बस्तर कांकेर।
18 श्री एस.के. नेताम, एसडीओ, राष्ट्रीय राजमार्ग, उत्तर बस्तर कांकेर।
19 श्री एस.आर. नेताम, अनुविभागीय अधिकारी, लो.स्वा.यां. भानुप्रतापपुर।
20 डॉ. बी.एल. रात्रे, डी.एच.ओ., उत्तर बस्तर कांकेर।

21 श्री एस.के. साहू, सहायक संचालक, मछलीपालन, उत्तर बस्तर कांकेर।
22 श्री के.एस.सोनवानी, एससीओ, प्रतिनिधि डीआरसीएस, उत्तर बस्तर कांकेर।
23 श्री आर.डी. तारम, डिप्टी एम.डी., वन, भानुप्रतापपुर।
24 श्री जे.पी. बरिहा, सहायक संचालक, रेशम, उत्तर बस्तर कांकेर।
25 श्री पी.एन. तिवारी, सहायक संचालक, उद्यान, उत्तर बस्तर कांकेर।
26 श्री जे.के. कोमरा, एडीए, कृषि विभाग, उत्तर बस्तर कांकेर।
27 श्री ए.डी. बारले, आरएईओ, कृषि विभाग, उत्तर बस्तर कांकेर।
28 श्री जी.एच. त्रिनाथा रेडडी, डी.एम. नॉन, उत्तर बस्तर कांकेर।
29 श्री महेन्द्र नाथ पाढ़ी, सहायक खाद्य अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर।
30 के.पी. ध्रुव, सहायक संचालक, आदिवासी विकास, उत्तर बस्तर कांकेर।
31 श्री हेमराज ठाकुर, लीड बैंक प्रबंधक, अग्रणी बैंक, उत्तर बस्तर कांकेर।
32 श्री एस.के. वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिनिधि, उ.ब. कांकेर।
33 श्री नवनीत पटेल, एपीसी, आरजीएसएम, उत्तर बस्तर कांकेर।
34 श्री दिनेश कुमार ध्रुवे, एजी 1 शिक्षा विभाग, उत्तर बस्तर कांकेर।
35 श्री जे.एस.चंद्रवंशी, एजी 2 शिक्षा विभाग, उत्तर बस्तर कांकेर।

सर्वप्रथम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं अधिकारियों के स्वागत उद्बोधन के साथ माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत, श्रीमती सुभद्रा सलाम की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी / उप संचालक पंचायत द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को बैठक संबंधी एजेण्डा बिन्दु से अवगत कराया गया।

**एजेण्डा कमांक 1**

एजेण्डा कमांक 1 अनुसार पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय विषयक विचारोपरांत कृत कार्यवाही के पालन बाबत् विभागवार की गयी अद्यतन कार्यवाही से माननीय अध्यक्ष महोदया द्वारा पूर्वनिर्देशित अनुसार सड़क कार्यों के मरम्मत एवं रखरखाव के निराकरण की वर्तमान स्थिति के संबंध में कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा सदन को अवगत कराया गया । वन विभाग द्वारा कोयलीबेड़ा स्कूल परिसर में पौधे उपलब्ध करा दिये जाने हेतु उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी वन द्वारा अवगत कराया गया, तत्तपश्चात् बैठक की कार्यवाई आगे बढ़ाई गयी।

**एजेण्डा कमांक 2**

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा स्कूल भवन से सड़क मार्ग के संपर्क हेतु एप्रोच रोड बनाये जाने थे, उसकी सूची से माननीय सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि यह कार्य माह दिसम्बर 2017 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। इन कार्यों में बालिका आई.टी.आई. छात्रावास भवन कांकेर पहुंच मार्ग का निर्माण, हाई स्कूल भवन पोटगांव पहुंच मार्ग का निर्माण, हाईस्कूल भवन कोटगांव नीचे पहुंच मार्ग का निर्माण, हाईस्कूल भवन कापसी पहुंच मार्ग का निर्माण, 50 बिस्तरीय सामान्य बालक छात्रावास भवन कांकेर पहुंच मार्ग का निर्माण, हाईस्कूल भवन मरकाटोला पहुंच मार्ग का निर्माण, हाईस्कूल भवन जैसाकर्रा पहुंच मार्ग का निर्माण, हायर सेकेन्ड्री स्कूल एवं छात्रावास भवन पंडरीपानी पहुंच मार्ग का निर्माण, हायर सेकेन्डरी स्कूल हाराडुला पहुंच मार्ग का निर्माण, हायर सेकेन्डरी स्कूल भवन भोथा पहुंच मार्ग, किशनपुरी पहुंच मार्ग का निर्माण, आई.टी.आई. भवन माकड़ी खूना पहूंच मार्ग, हायर सेकेन्डरी स्कूल भवन दसपुर पहुंच मार्ग निर्माण, हायर सकेन्डरी स्कूल भवन पुसवाड़ा पहुंच मार्ग, हाईस्कूल भवन मांदरी पहुंच मार्ग निर्माण कार्य हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा उक्त कार्यों का निरीक्षण एवं फॉलोअप हेतु निर्देशित किया गया कि सभी संबंधित अधिकारी फिल्ड विजिट करें, संबंधित एसडीओ एवं सब इंजिनियर इस हेतु जिम्मेदार अधिकारी हैं, अतः कार्य की गुणवत्ता एवं समयसीमा का ध्यान रखा जावे ।

कार्यपालन अभियंता भानुप्रतापपुर द्वारा शासकीय भवन के अप्रोच मार्ग की जानकारी प्रदान की गयी। अवगत कराया गया कि इन कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किये गये हैं बजट कार्यों का निर्माण कार्य प्रारंभ है। अंतागढ़ में हेलीपेड का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। माननीय सदस्य सुश्री शांता नुरूटी द्वारा चीतागांव मार्ग निर्माण की जानकारी प्राप्त की गयी। अवगत कराया गया कि कांकेर, पखांजूर, चीतागांव रोड, हांकेर आरसीसी फेज़ 2 का है जिसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा पूर्ण कराया जा रहा है। साल्हे – भोथा मार्ग के संबंध में अवगत कराया गया कि यह कार्य मुख्य मंत्रीजी की घोषणा से संबंधित है, इसका सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है तथा प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। बड़गांव, चाहचाड़ प्रधानमंत्री आवास योजना के कोरनेट कार्य का है जिसकी स्वीकृति अपेक्षित है। धान कटाई के कारण बहुत से कार्य अपेक्षित है धान कटाई के बाद कार्य की गति में तेजी आयेगी। कार्यपालन अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि दुर्गूकोंदल और कोदापाखा कोयलीबेड़ा का कार्य वर्ष 16–17 के बजट में शामिल था जो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कोर नेटवर्क का है। फारेस्ट एरिया होने से कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। कच्चे दमकसा मार्ग एक महिने में पूर्ण कर लिया जायेगा। पखांजूर महाराष्ट्र बार्डर का कार्य जो पखांजूर – मायापुर मार्ग नाम से है पूर्ण हो गया है । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पचायत द्वारा आर.सी.सी. कार्य की जानकारी ली गयी अवगत कराया गया कि कि.मी. 32 से 29 का कार्य 5 कि.मी. एक महिने में पूर्ण हो जायेगा। दुर्गूकोंदल से अमोड़ी 12 कि.मी. शीध्र पूर्ण हो जायेगा। भिंगीडार–प्रतापपुर, बड़गांव कोड़ेकुर्से मार्ग का भी निर्माण कार्य प्रगति पर है। कोयलीबेड़ा चारगांव का टेंडर प्रकियाधीन है। ताड़ोकी दंडकवन, आरसीसी 2 स्टील प्लांट वालों के द्वारा बनाया जा रहा है। इसी प्रकार छोटेबेटिया बेनूर आरआरपी 2 के मार्ग हैं, जिसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और स्टील प्लांट द्वारा एलडब्ल्यूई अंतर्गत पूर्ण कराया जा रहा है, जिसकी दूरी 3 कि.मी. के आसपास है। इन कार्यों में कई बड़ी पुलिया भी हैं, यह कार्य जल्दी पूर्ण हो जायेगा। माननीय सदस्यगण द्वारा छोटेबेटिया, ताराबेली मार्ग संबंधी जानकारी प्राप्त की गयी। अवगत कराया गया कि कैंप देने उपरांत यह कार्य हो पायेगा। अंतागढ़, बेड़मा मार्ग में मटेरियल कलेक्शन का कार्य कराया जा रहा है। माननीय सदस्य शांता नुरूटी द्वारा कलगांव कोयलीबेड़ा मार्ग निर्माण लंबे समय से बंद होने बाबत् ध्यानाकर्षण किया गया। कार्यपालन अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि ऐसे सभी कार्यों से संबंधित ठेकेदारों को नोटिस दिया जाकर कार्यवाही की रही है। माननीय सदस्य श्रीमती अमिता जीवन उईके द्वारा चाउरगांव, करकापाल मार्ग निर्माण का कार्य बंद होने बाबत् अवगत कराया गया। कार्यपालन अभियंता द्वारा जानकारी दी गयी कि इसे दिसम्बर तक पूर्ण करा दिया जायेगा।

**(कार्यवाही का.पा.अभियंता लो.नि.वि)**

**एजेण्डा कमांक 3**

कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा वर्ष 1.4.2017 की स्थिति में अपूर्ण कार्यों की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया कि राजीव गांधी शिक्षा मिशन अंतर्गत संकुल भवन निर्माण डोगरकटटा, एवं बांसला का कार्य आबंटन के अभाव में बंद है, आबंटन प्राप्त होने पर कार्य प्रारंभ करा दिया जायेगा। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अंतर्गत निर्मित हाईस्कूल हाटकोंदल पूर्ण, कुरालठेमली विद्युतिकरण कार्य शेष, कच्चे का द्वितीय निविदा प्राप्त कर कार्यादेश जारी किया

जा चुका है, अमोड़ा का पोताई पेंटिंग कार्य प्रगति पर, कुरालठेमली का टाईल्स एवं पल्ला कार्य शेष, देवगांव का दीवाल कार्य पूर्ण, दुर्गूकोंदल, भनसुली, पानावार विद्यालय कार्य पूर्ण है। महिला एवं बाल विकास योजना अंतर्गत पर्यवेक्षक भवन प्लास्टर शेष, भीरावाही आंगनबाड़ी दीवाल पूर्ण, गुमडीडीह का फलोरिंग कार्य प्रगति पर है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर के प्रथम तल में 20 बिस्तर नेत्र अस्पाताल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत बालक आश्रम पानीडोबीर के प्लास्टर एवं टाईल्स का कार्य प्रगति पर है। बाढ़ एवं अतिवृष्टि अंतर्गत अपूर्ण कार्यों में से 9 कार्य पूर्ण कर लिए गये हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अपूर्ण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

**(कार्यवाही का.पा.अभियंता ग्रा.यॉ.सेवा)**

**एजेण्डा कमा्ंक 4**

कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति से सदन को अवगत कराया गया कि, जिले में सड़क मरम्मत के कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रेषित किया गया है। भेजे गये रिवाईज प्राक्कलन 15 दिन में स्वीकृति पश्चात् प्राप्त हो जायेंगे। मलांजकुंडम मार्ग का रिनिवल कार्य पूर्ण हो गया है कुछ हिस्सा जिसमें केनाल बनाया गया है, जल संसाधन विभाग द्वारा काटा गया है जिसको शीघ्र विभाग द्वारा पूर्ण कर लिया जायेगा इसका बी.टी. पूर्ण नहीं हुआ है। माननीय सदस्यगण द्वारा पुसवाड़ा मार्ग रिनिवल हेतु चर्चा की गयी अवगत कराया गया कि पुसवाड़ा का भी रिनिवल कार्य जल्द प्रारंभ होगा। माननीय उपाध्यक्ष महोदया द्वारा पाण्डरवाही मार्ग की समस्या बाबत् अवगत कराया गया। कार्यपालन अभियंता द्वारा सूचित किया गया कि पांडरवाही मार्ग का बजट शासन को प्रेषित कर दिया गया है।

विभाग द्वारा संचालित कार्यों के संबंध में कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा अवगत कराया गया कि, जिले में 256 सड़क के कार्य पूर्ण हैं । जिनमें से 77 कार्य प्रगतिरत 5 बाधित हैं, कार्य के बाधित होने का कारण पहाड़ी क्षेत्र होना एवं अनुबंध शेष होना प्रमुख कारण हैं। ऐसे 18 कार्य अप्रारंभ तथा एक कार्य अन्य विभाग द्वारा पूर्ण किया गया है।

माननीय सदस्यगण द्वारा धनेली पोटगांव रोड खराब होने संबंधी ध्यानाकर्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा इसे ठीक कराये जाने एवं कोटरी नदी मार्ग कार्य शुरू किये जाने हेतु कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा सड़क निर्माण में सोल्डर कार्यों की जानकारी प्राप्त की गयी। अवगत कराया गया कि बरसात छोड़कर यह कार्य हमेशा कराया जाता है। उपाध्यक्ष महोदया द्वारा इंडिया राईस मिल मार्ग के संबंध में चर्चा की गयी । कार्यपालन अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्ताव प्रेषित किये जाने पर यह कोरनेटवर्क में प्रस्ताव हेतु जोड़ा जायेगा।

**(कार्यवाही का.पा.अभियंता प्र.मं.ग्रा.स.यो.)**

**एजेण्डा कमांक 5**

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय के उपस्थित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2017–18 में 148 नलकूप खनन कार्य का लक्ष्य विभाग को प्राप्त था, जिसमें से 78 नग खनन कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसमें से 7 खनन असफल एवं 71 खनन सफल रहे हैं।

विभागीय नलजल प्रदाय की जिले में 112 योजनाएँ स्वीकृत थी। जिनमें से 72 पूर्ण एवं 39 आंशिक पूर्ण तथा 1 प्रगतिरत है, जो ग्राम रिसेवाड़ा विकासखंड नरहरपुर नल जल विकास परियोजना की है, जो वर्ष 17–18 में स्वीकृत है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा ग्राम डुमरपानी में फ्लोराईड का केमिकल परीक्षण कराये जाने हेतु उपस्थित अधिकारी को निर्देशित किया गया।

माननीय सदस्य श्री संजय जुर्री द्वारा डुमरपानी पंचायत क्षेत्र में 2000 से अधिक आबादी होने के बावजूद पानी हेतु बिछायी गयी पाईप लाईन में पानी नहीं चढ़ पाता है। ग्रामीणों में दॉत एवं हडडी रोग की समस्या बढ़ रही है। विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इसके लिए योजना बन चुकी है एवं पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में इसे लिया गया है। जिले में सबसे पहले इसे ही लिया गया है। माननीय सदस्य श्री जुर्री द्वारा ग्राम पंचायत किशनपुरी के आश्रित ग्राम लिलवापहर में ग्रामीणों द्वारा नल का उपयोग करने एवं पाईपलाईन में प्रेसर नहीं होने अवगत कराया गया । माननीय उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कृष्णा देवी सिन्हा द्वारा द्वारा हेंड पम्पों में दवा डाले जाने हेतु ध्यानाकर्षित किया गया। विभागीय अधिकारी इसे ठीक कराये जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

**(कार्यवाही का.पा.अभियंता लो.स्वा.यां.)**

**एजेण्डा कमांक 6**

एजेण्डा कमांक 6 अनुसार, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के उपस्थित प्रतिनिधि एवं माननीय जिला पंचायत पदाधिकारियों के मध्य स्वास्थ्य विभाग से संबंधित जनसमुदाय से प्राप्त समस्याओं पर विचार–विमर्श उपरांत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा योजनाओं के कियान्वयन संबंधी विभागीय जानकारी की अद्यतन स्थिति से सदन को अवगत कराया गया । जिले में चल रहे स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों एवं सूचकांकों से माननीय सदस्यगण को अवगत कराया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अधोसंरचनात्मक कार्यों के संबंध में विभाग द्वारा निर्मित भवन कार्यों की जानकारी प्राप्त की गयी। माननीय सदस्यगणों एवं कोयलीबेड़ा क्षेत्र की माननीय सदस्या सुश्री शांता नुरूटी द्वारा चिकित्सा सेवा वाहन 102 एवं 108 के रखरखाव एवं उनकी क्षेत्र में उपलब्धता के विषय में चर्चा की गयी। माननीय सदस्यों द्वारा क्षेत्र में उक्त वाहन अक्सर खराब रहने संबंधी ध्यानाकर्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वाहन सदैव चॉलू एवं अच्छी हालत में रखा जावे।

माननीय जिला पंचायत सदस्य श्री संजय जुर्री द्वारा अमोड़ा क्षेत्र में स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव व्यवस्था हेतु सुविधाजनक कक्ष तथा माताओं को प्राप्त सुविधा विस्तार हेतु ध्यानाकर्षित किया गया।

माननीय सदस्य शांता नुरूटी द्वारा कोयलीबेड़ा के वाहन को अन्यत्र न भेजे जाने हेतु मांग की गयी । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा इसके निराकरण हेतु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा कुपोषित बच्चों के विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में इसके निदान हेतु विशेष निर्देश दिये गये। निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों से चिन्हित बच्चों की सूची प्राप्त कर, उन्हें समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जावे।

**(कार्यवाही मु.चि. एवं स्वास्थ्य अधिकारी)**

एजेण्डा कमांक 7

एजेण्डा कमांक 7 अनुसार, सहायक संचालक मछली पालन विभाग द्वारा जिले में 10 हेचरी के माध्यम से मछली बीज उत्पादन के कार्य एवं जिले में मत्स्य उत्पादन कार्य की निरंतर हो रही प्रगति एवं वृद्धि की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया। माननीय सदस्यगण द्वारा वितरित की जाने वाली सामग्री के संबंध में जानकारी ली गयी। अवगत कराया गया कि वितरण की कार्यवाही बीज निगम के माध्यम से अपनायी जाने वाली प्रकिया की तहत् की जाती है। बैंकों में 15 करोड़ 94 लाख के मछली पालन संबंधी प्रकरण प्रेषित किये गये हैं। बैंक द्वारा अब तक 5 करोड़ के प्रकरणों पर स्वीकृति प्राप्त हो चुकी हैं।

सहायक संचालक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जिले में एकीकृत मत्स्य इकाई की स्थापना किया जाना है, भुवनेश्वर उड़ीसा में एक इकाई स्थापित है। यह हमारे जिले के लिए गौरव की बात है कि जिले में मत्स्योद्योग की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए इसकी स्थापना पखांजूर क्षेत्र में की जा रही है।

जनप्रतिनिधियों द्वारा मत्स्य सामग्री वितरण में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा मत्स्य परिक्षेत्र के कार्यों से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति जारी किये जाने हेतु सहायक संचालक को निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही सहायक संचालक मछलीपालन विभाग)**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा समस्त स्थायी समिति के सचिवों को निर्देशित किया गया कि अपने–अपने विभाग से संबंधित स्थायी समिति की बैठकों का नियमित आयोजन किया जावे। आज जिन समितियों के सभापति बैठक में उपस्थित हैं, उनसे चर्चा कर बैठक हेतु तिथि प्राप्त कर नियमित बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही समस्त सचिव स्थायी समिति)**

अन्य एजेण्डा 9

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा आश्रमों में वितरित की जाने वाली सामग्री कंबल, चादर एवं सामान्य मरम्मत हेतु प्राप्त आबंटन के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। माननीय सदस्य श्री संजय जुर्री द्वारा अमोड़ा, चरभटटी छात्रावास में बिस्तर एवं पानी की व्यवस्था हेतु ध्यानाकर्षण किया गया। माननीय सदस्य श्रीमती अमिता जीवन उईके द्वारा दुर्गूकोंदल आश्रम में आलमीरा नहीं होने एवं छात्रावास में मच्छरदानी की कमी हेतु अवग़त कराया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा सहायक आयुक्त को स्थल पर जाकर इसके निराकरण एवं संकुल के माध्यम से भी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। माननीय सदस्य शांता नुरूटी द्वारा कौड़ो साल्हेभट में विज्ञान गणित की पढ़ाई नहीं होने ध्यानाकर्षित किया गया । अवगत कराया गया कि विडियो लेक्चर से व्यवस्था में सुधार किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा इसके परीक्षण हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही सहायक आयुक्त आदिवासी विकास)**

उप संचालक समाज कल्याण द्वारा जिले में पेंशन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों की पेंशन माह सितम्बर 2017 तक जमा होने की जानकारी सदन के समक्ष दी गयी। दुर्गूकोंदल एवं चारामा में कुछ विलंब होना बताया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा विलंब के कारणों के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया, अवगत कराया गया कि एक्सल शीट में गोश्वारा बनाकर डालने की वजह से कुछ दिक्कत आयी थी, जिसे दूर कर लिया गया है। वर्तमान में सभी हितग्राहियों का खाता खोलकर DBT माध्यम से कार्यवाही हेतु प्रकिया अपनायी जानी है, जिससे हितग्राही के खाते में राशि स्टेट स्तर से सीधे ट्रांसफर होगी।

**(कार्यवाही उप संचालक समाज कल्याण)**

अनुविभागीय अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा प्रगतिरत कार्यों की अद्यतन स्थिति के संबंध में में सदन को अवगत कराया गया कि, कांकेर बेड़मा 50 कि.मी., केशकाल, कांकेर बाईपास का कार्य प्रगति पर है। प्रगतिरत कार्यों की मानिटरिंग लगातार जारी है। महानदी में 4 पुलिया का निर्माण शाहवाड़ा में माह मार्च तक पूरा कर लिया जायेगा। कांकेर एवं दुधावा के बीच बन रही पुलिया निर्माण का कार्य माह दिसम्बर 18 तक पूर्ण होगा। रेल्वे ओव्हरब्रीज एप्रोच का काम है, वह चालू हो चुका है जिसे जून 18 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा निर्माणाधीन कार्यों को समयसीमा में पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अनु.अधि.सेतु निगम)**

अंत में उपस्थित पदाधिकारियों/अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

**(ऋचा प्रकाश चौधरी)**
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

पृ. कमांक/409 /जि.पं./सा.सभा/2017 कांकेर, दिनांक 13 .11.2017

प्रतिलिपि :–

सर्व संबंधित ..........................................................................................................

को सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत,
उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)